प्रेस नोट
स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू), बीकानेर
Date-06.06.2024

एसकेआरएयू: नीम के 100 पौधे लगाए, 150 परिंडे बांधे

बीकानेर, 06 जून। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेल स्टेडियम परिसर में कुलपति डॉ अरुण कुमार के दिशा निर्देशन में नीम के 100 पौधों का रोपण किया गया। खेल स्टेडियम में पौधरोपण के साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावास में 150 परिंडे बांधे गए और समन्वित कृषि प्रणाली इकाई परिसर में करंज के 8 पौधे भी लगाए गए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईएबीएम सभागार में "पर्यावरण संरक्षण का महत्व एवं जागरूकता" और "पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरुण कुमार , विशिष्ट अतिथि पर्यावरणविद् श्री श्याम सुंदर ज्याणी और हनुमानगढ़ की मानव उत्थान समिति के अध्यक्ष व पर्यावरणविद् श्री लादू सिंह भाटी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी, सिंह और छात्र कल्याण निदेशक डॉ वीर सिंह ने की। इससे पूर्व सुबह कार्यक्रमों की शुरूआत विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यार्थियों के द्वारा शरबत की छबील लगा कर की गई।

व्याख्यान को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि गर्मियों में तापमान 50 डिग्री से ऊपर जा रहा है। लिहाजा पृथ्वी को बचाने के लिए बड़ी संख्या में पौधे लगाने की आवश्यकता है। इसमें सभी के योगदान की जरूरत है। पर्यावरणविद् श्री श्याम सुंदर ज्याणी ने कहा कि लोकल इकोलॉजी को ध्यान में रखते हुए पेड़ लगाएं और प्रत्येक व्यक्ति 10 मिनट प्रतिदिन पर्यावरण के लिए समर्पित करें। हनुमानगढ़ की मानव उत्थान समिति के अध्यक्ष व पर्यावरणविद् श्री लादू सिंह भाटी ने तलवाड़ा झील और हनुमानगढ़ जंक्शन में सभी मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे ट्री गार्ड के साथ लगाए गए करीब 25 हजार पेड़ों को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की।

इस अवसर पर श्री भाटी ने हनुमानगढ़ से लाए लकड़ी के घोंसलों को कुलपति , डीन और डायरेक्टर्स को भेंट किया। कार्यक्रम में आईसीएआर पुरस्कृत और आईएबीएम स्टूडेंट्स द्वारा निर्मित एक मिनट की फिल्म दिखाई गई। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर आईएबीएम परिसर में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। अतिथियों का साफा पहनाकर और पौधा भेंटकर स्वागत सत्कार किया गया।

कार्यक्रम में वित्त नियंत्रक श्री राजेन्द्र कुमार खत्री , अनुसंधान निदेशक डॉ पी.एस.शेखावत, भू सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम , प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र , स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ दीपाली धवन , सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय प्रो.नीना सरीन , एआरएस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एसआर यादव , मानव संसाधन निदेशालय निदेशक डॉ ए.के.शर्मा, पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ निर्मल सिंह दहिया, कीट विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ हनुमान देशवाल, उपनिदेशक प्रसार डॉ. राजेश कुमार वर्मा, डॉ भूपेन्द्र सिंह शेखावत, सह आचार्य डॉ वी.एस.आचार्य, सह आचार्य डॉ अशोक समेत अन्य शैक्षणिक स्टॉफ व बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन आईएबीएम के पीएचडी स्कॉलर आनंद ने किया।